521. **केवलादेव राष्ट्रीय उद्यान स्थित है**

(a) सवाई माधौपुर (b) भरतपुर
(c) अलवर (d) जैसलमेर

RPSC-2011

Ans. (b) : केवलादेव राष्ट्रीय उद्यान या केवलादेव घाना राष्ट्रीय उद्यान जिसे पहले भरतपुर पक्षी अभ्यारण्य के रूप में जाना जाता था। यह अभ्यारण्य राजस्थान के भरतपुर जिले में स्थित है। इसे वर्ष 1982 में राष्ट्रीय उद्यान घोषित किया गया तथा वर्ष 1985 में यूनेस्को ने इसे 'विश्व विरासत स्थल' के रूप में सूचीबद्ध किया। यह पार्क पक्षियों एवं पशुओं की 370 से अधिक प्रजातियो का आवास है। यह राजस्थान का सबसे छोटा राष्ट्रीय उद्यान है। इस उद्यान को जलपक्षियों का स्वर्ग कहा जाता है तथा इसे वर्ष 1981 में वेटलैंड (नम भूमि) के रूप में रामसर सूची में शामिल किया गया।

522. **निम्नलिखित में से कौन से राष्ट्रीय उद्यान/अभयारण्य को 'विश्व प्राकृतिक धरोहर' के नाम से जाना जाता है?**

(a) रणथम्भौर राष्ट्रीय उद्यान, सवाई माधोपुर
(b) केवलादेव राष्ट्रीय उद्यान, घाना
(c) मरुस्थली राष्ट्रीय उद्यान, जैसलमेर
(d) ताल छापर अभयारण्य, चुरू

उत्तर - (b) **RPSC RAS/RTS-1992**

व्याख्या-उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

523. **कौन-सा अभयारण्य विश्व धरोहर (वर्ल्ड हेरिटेज) घोषित किया गया है?**

(a) सरिस्का (b) रणथम्भौर
(c) मरू राष्ट्रीय उद्यान (डजर्ट नेशनल पार्क) (d) केवलादेव

कनिष्ठ अभियंता (यांत्रिक) 13.12.2020 Code 80

उत्तर–(d) **RPSC RAS/RTS-1993**

व्याख्या– उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

524. **राजस्थान का वह जिला जो विश्व का अद्वितीय पक्षी अभ्यारण्य है, एवं जलपक्षियों का स्वर्ग है–**

(a) अलवर (b) भरतपुर
(c) उदयपुर (d) जोधपुर

उत्तर - (b)

RPSC RAS/RTS 1997-98

व्याख्या— उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

525. **रामसर कन्वेंशन के अनुसार निम्न में से कौन सा अभ्यारण्य ''वैटलैड'' (नम भूमि) के रूप में चयनित किया गया?**

(a) जयसमंद (b) केवलादेव (घाना)
(c) शेरगढ़ (d) सरिस्का

RPSC School Lecturer-26-04-2017

Ans. (b) : उपयुक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

526. **निम्नलिखित में से कौन सा राष्ट्रीय उद्यान राजस्थान का सबसे छोटा राष्ट्रीय उद्यान है?**

(a) केवलादेव राष्ट्रीय उद्यान
(b) राष्ट्रीय मरू उद्यान
(c) रणथम्भौर राष्ट्रीय उद्यान
(d) मुकन्दरा हिल्स नेशनल पार्क

Udyog Nirikshak Exam (Code-38)-2018

Ans. (a) : उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें

527. **फूलवाड़ी की नाल अभ्यारण्य किस जिले में स्थित है?**

(a) डूंगरपुर (b) चित्तौड़गढ़
(c) प्रतापगढ़ (d) उदयपुर

RPSC-2011

प्रयोगशाला सहायक 2018, 3 Feb 2019

48 LA 2018 Question Paper Code 48

Ans. (d) : फूलवाड़ी की नाल अभ्यारण्य उदयपुर, राजस्थान में स्थित है। यह अभ्यारण्य उदयपुर जिले के कोतरा और झाड़ोल तहसीलों में फैला हुआ दक्षिणी अरावली पहाड़ियों में है। दक्षिण की ओर बहने वाली मुख्य नदी मानसी-वाकल अभ्यारण्य को दो भागों में विभाजित करती है और गुजरात के साबरमती नदी में मिल जाती है। इसे 6 अक्टूबर 1983 को राजस्थान सरकार द्वारा एक वन्यजीव अभ्यारण्य घोषित किया गया था। इसका क्षेत्रफल 511 वर्ग किमी है। फूलवाड़ी की नाल वन्यजीव अभ्यारण्य में पायें जाने वाले जंगली जानवरों में बड़ी पूंछ वाला नैटजार, उड़ने वाली गिलहरी, तीन धारीदार हथेली गिलहरी, एशियाई गिरगिट, माउस हिरण, चार सींग वाले मृग, भारतीय तारा कछुआ और तेदुंआ शामिल है।

528. **अभयारण्य जिसमें होकर मानसी-वाकल नदी गुजरती है, वह है-**

(a) कैलादेवी अभयारण्य
(b) फुलवारी की नाल अभयारण्य
(c) नाहरगढ़ अभयारण्य
(d) केसरबाग अभयारण्य

कनिष्ठ अनुदेशक (मैकेनिक डीजल इंजन)-2018

Ans. (b) उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

529. **निम्नलिखित में से राजस्थान के राष्ट्रीय उद्यान है–**

A. मुकुन्दरा हिल्स B. रणथम्भौर
C. केवलादेव घना D. नेशनल चम्बल सेन्चुरी

नीचे दिए हुए कूट से सही उत्तर चुनिए–

(a) B, C तथा D सही है।
(b) A, B, तथा C सही है।
(c) A, B, तथा D सही है।
(d) A, B, C तथा D सही है।

RPSC ST-81 G.K. & Horticulture 28-10-2018

Ans. (b) : राजस्थान के राष्ट्रीय उद्यान और संबंधित जिले निम्नलिखित है–

रणथंभौर राष्ट्रीय उद्यान	– सवाई माधोपुर
केवलादेव राष्ट्रीय उद्यान	– भरतपुर
सरिस्का राष्ट्रीय उद्यान	– अलवर
मुकुन्द्रा हिल्स राष्ट्रीय उद्यान	– कोटा, चित्तौड़गढ़
राष्ट्रीय मरु उद्यान	– जैसलमेर, बाड़मेर

नेशनल चम्बल सेन्चुरी जिसे राष्ट्रीय चम्बल घड़ियाल वन्यजीव अभ्यारण्य भी कहा जाता है, यह राजस्थान, मध्य प्रदेश और उत्तर प्रदेश के ट्राई जंक्शन पर चम्बल नदी के किनारे स्थित है।